वाई-फाई सेवा शुरू एकसाथ 4 हजार यात्री मुफ्त इंटरनेट सेवा का उठा सकेंगे लाभ, रोजाना आते-जाते हैं करीब 26 हजार रेल यात्री

रेलवे स्टेशन पर मिलेगी इंटरनेट की मुफ्त सेवा

भास्कर न्यूज | अलवर

रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। रेलवे स्टेशन पर यात्री निशुल्क हाईस्पीड इंटरनेट सेवा का लाभ उठा सकेंगे। रविवार से स्टेशन पर यह सेवा प्रारंभ हो गई है। स्टेशन पर हर समय एक बार में एक साथ 4 हजार यात्री इंटरनेट सेवा से जुड़े रहेंगे। स्टेशन पर प्रतिदिन करीब 26 हजार यात्री आते-जाते हैं। वह प्रत्येक यात्री जिसके पास स्मार्ट मोबाइल है, यहां निशुल्क इंटरनेट सेवा का उपयोग कर सकेगा। इन यात्रियों को बिना रुकावट इंटरनेट सुविधा का लाभ मिलता रहे, इसके लिए स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म सहित अन्य जगह उपकरण लगाए गए हैं। यह सेवा रेलटेल कंपनी द्वारा प्रदान की जा रही है। वाईफाई सेवा शुरू करने से पूर्व परीक्षण की गई। परीक्षण सफल होने के बाद रविवार को यह सेवा यात्रियों के लिए शुरू कर दी गई। अलवर के अलावा आसपास में जयपुर व दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों के लिए निशुल्क वाईफाई की सुविधा है। स्टेशन अधीक्षक चेतराम बड़सीवाल ने बताया कि रेलवे ने यात्री सुविधाओं में विस्तार करते हुए स्टेशन पर निशुल्क वाईफाई सुविधा प्रारंभ कर दी है।

स्टेशन पर लगे वाईफाई उपकरण।

इस तरह स्मार्ट मोबाइल पर मिलेगी सुविधा

स्मार्ट मोबाइल धारक को मोबाइल की सेटिंग में जाकर वाईफाई ऑप्शन करना होगा। इसके बाद रेलवायर को सलेक्ट करना होगा। इसके बाद एक लिंक खुलेगा। उपभोक्ता को वह मोबाइल नंबर सेंड करना होगा, जिस पर वह निशुल्क इंटरनेट सेवा लाभ लेना चाहता है। इसके बाद टेलीकॉम कंपनी की ओर से उपभोक्ता के मोबाइल पर वनटाइम पासवर्ड भेजा जाएगा। इस पासवर्ड को बॉक्स में डालकर क्लिक करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता का मोबाइल इंटरनेट सेवा से जुड़ जाएगा।

36 एमबीपीएस होगी स्पीड

स्टेशन पर वाईफाई के माध्यम से निशुल्क इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी के अधिकारी का कहना है कि स्टेशन पर एक यात्री को स्मार्ट मोबाइल पर इंटरनेट की स्पीड 36 एमबीपीएस मिलेगी।